तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026



11 पूरे दिन भाभियों ने खूब बरसाए देवरों पर कोरड़े





11 मोतीलाल स्कूल में मनाया होली पर्व




## खबर संक्षेप

### डिप्टी स्पीकर कल करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर सात मार्च को पीडब्लूडी के विश्राम गृह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### फोटो वायरल करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** नाबालिग छात्रा को परेशान करने, फोटो वायरल कर धमकियां देने के मामले में सीआईए-1 तथा थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी नाबालिग पुत्री, जो दसवीं की छात्रा है, को नरवाना क्षेत्र निवासी अभिषेक ने मार्च 2025 में इंस्टाग्राम से संपर्क कर बहला-फुसलाना शुरू कर दिया।

### एटीएम कार्ड बदल खाते से निकाले 35 हजार

**जींद।** शहर नरवाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदल कर महिला के खाते से 35 हजार रुपये निकालने पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना खंड के गांव धरौदी निवासी शारदा ने शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका खाता पीएनबी शाखा धरौदी में है। गत 27 फरवरी को वह नरवाना शहर आई थी।

### किशोर की हत्या के मामले में नाबालिग निरूध

**कैथल।** गुहला क्षेत्र में 11 फरवरी की शाम को छात्रों के दो गुटों के झगड़े में हुई किशोर नवराज की हत्या के मामले की जांच थाना गुहला पुलिस के सब इंस्पेक्टर ईश्वर की टीम द्वारा करते खरका निवासी 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि रामथली निवासी लवप्रीत उर्फ लब्बी और पक्की पिसौल निवासी विनीत के बीच वॉलीबॉल का मैच खेलते समय विवाद हो गया था।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, केस दर्ज

**जींद।** नरवाना के हरियल चौक पर कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को नामजद कर एक अन्य खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बडनपुर निवासी प्रह्लाद ने पुलि को दी शिकायत में बताया कि उसकी हरियल चौक नरवाना पर ई बाइक की एजेंसी है। तीन मार्च को वह स्कूटी पर अपनी एजेंसी पर जा रहा था। जब वह एजेंसी के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार कार आई और उसके स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ के ए एस आई पवन कुमार द्वारा आरोपी शिव कालोनी कैथल निवासी सोनू को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2023 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 14 जनवरी को पीओ घोषित किया गया था।

### 36.82 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**जींद।** थाना शहर नरवाना पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार को उनके कब्जे से 36.82 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। शहर थाना नरवाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम एसआई बलवान सिंह के नेतृत्व में चमेला कॉलोनी नरवाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि सफेद रंग की कार में तीन युवक चमेला कॉलोनी से नशीला पदार्थ खरीद कर हिसार रोड की तरफ से ठंडी सड़क की ओर आ रहे हैं।

# पांच बसों पर सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बाक्स, फायर सिलेंडर नहीं मिले

## परिवहन विभाग ने तीन स्कूलों में जांची 17 बसें, 15 हजार रुपये का चालान कर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिवहन विभाग द्वारा वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन स्कूलों में 17 बसों की जांच की गई। पांच बसों पर सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बाक्स, फायर सिलेंडर नही मिलने व इंडिकेटर टूटे जाने पर 15 हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं इससे पिछले सप्ताह 26 फरवरी को स्कूली बसों की जांच नहीं हो पाई थी। वहीं 19 फरवरी को स्कूली बसों की जांच के दौरान तीन स्कूलों में 17 बसों की जांच की गई थी। जांच के दौरान पांच बसों में



**जींद।** जांच करते परिवहन विभाग कर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

सीसी टीवी कैमरा, प्राथमिक चिकित्सा उपचार पेटी व फायर सिलिंडर नहीं मिलने पर कुल साढ़े तीन हजार रुपये का चालान किया गया था। गौरतलब है कि जिला परिवहन विभाग टीम की ओर से सप्ताह में हर वीरवार बसों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान बसों की स्थिति सीसी टीवी कैमर, चालकों के लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की जाती है। फरवरी माह में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन नीति को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश थे कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और नियम तोडने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। एडीसी ने कहा था कि स्कूलों में चलने वाले सभी वाहन तय मानकों के अनुसार होने चाहिए। किसी भी वाहन में क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाए। सभी स्कूल बसों के चालक और परिचालकों की ट्रेनिंग भी करवाई जाए ताकि वे यातायात नियमों का पालन करें और बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। स्कूल बसों की नियमित जांच पर भी विशेष जोर दिया जाए। जिले में सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ऐसे में हर सप्ताह वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया जाता है।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

जिला परिवहन विभाग के निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि सप्ताह में हर वीरवार को स्कूली बसों की जांच की जाती है। तीन स्कूलों में 17 बसों की जांच की गई थी। इस दौरान कुछ कमियां पाए जाने पर 15 हजार रुपये का चालान किया गया। बसों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे में सभी स्कूल संचालकों को चाहिए कि वह बसों में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए नियमानुसार हर चीज मुहैया रखे।



**उचाना।** संदीप चहल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शगुन देते महिलाएं।

# भाईचारा का संदेश देते 50 किमी. के गांव में दिया बान्ना

- भाईचारे को दोबारा से कायम करने का आयोजन से संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

प्राचीन संस्कृति, सभ्यता में आम तौर पर विवाह में परिवार के सदस्य बान्ना (दूल्हे का भोज) का कार्यक्रम खुशी में करते है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार बड़ौदा से करीब 50 किलोमीटर दूर कोटड़ा गांव के मनोज चहल के परिवार में शादी पर बड़ौदा गांव के संदीप चहल ने गांव में बान्ना दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गौत्र के लोग पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन करना युवा पीढ़ी को भाइचारे का संदेश देना था। जयदीप रधाना ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम भाईचारे को जोडऩे, खून के रिश्ते को मजबूत करने का काम करते है। कोटड़ा (कैथल) से मनोज चहल के भाईयों की शादी है वो अपने परिवार के साथ आए इस कार्यक्रम से न केवल जींद जिले बल्कि पूरे उत्तर भारत में ये संदेश दिया है कि दूर रहने वाले भाईचारे को यूं ही आपस में इस तरह के आयोजनों से जोड़ा जा सकता है। 84 गांव में चहल खाप की नंबरदारी है 144 गांव चहल गोत्र के है। संदीप चहल से आज के युवा सीख लेंगे। संदीप चहल ने कहा कि चहल खाप को एक समान भाईचारा बनाने के लिए ये कार्यक्रम आयोजित किया। जितने भी बड़ौदा गांव से निकासी हुई है वो हमारे दिलों में रहते है। इस तरह के कार्यक्रम एक-दूसरे से जुड़ाव के साथ जो हमारी युवा पीढ़ी है उनको संदेश मिले कि हमारे माता-पिता ने किया था हम भी उसको निभाएं। हर खाप को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। गांव में जो दीवार के दीवार लगता भाई आपस में नहीं बोलता है वो भी इस तरह के आयोजनों से प्रेरणा लेंगे।

## जम्मू-कटरा टोल प्लाजा के निकट 152 डी नेशनल हाइवे पर हादसा


# ट्रक के पीछे घुसी कार, दो की मौत, दो युवक गंभीर घायल

## नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपे

**क्रेटा कार में सवार होकर निजी कार्य से दिल्ली जा रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जम्मू-कटरा टोल प्लाजा के निकट 152 डी नेशनल हाइवे पर ट्रक के पीछे एक कार घुस गई। जिसमें कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों मृतकों क शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश के शामली के गांव कंडेला निवासी रजनीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंचकूला सेक्टर 16 स्थित बिग हैप्पी कंपनी में कार्यरत है। बुधवार सुबह वह अपने साथी हिसार निवासी मनमोहन (39), नैनीताल उत्तराखंड निवासी 25 वर्षीय कर्ण मेहरा और गांव भैंसा चंदौली उत्तर प्रदेश निवासी आकाश के साथ क्रेटा कार में सवार होकर निजी कार्य से दिल्ली जा रहा था। जब वे 152 डी नेशनल हाईवे पर जींद के पिल्लूखेड़ा क्षेत्र में जम्मू-कटरा टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो आगेआगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी कार ट्रक के पीछे जा घुसी। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें नागरिक अस्पताल जींद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मनमोहन और कर्ण मेहरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसे तथा आकाश की गंभीर हालत के चलते पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिल्लूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची थी।



### चालक की तलाश जारी

पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी संजीत कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक नंबर और चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने घायल रजनीश की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## कैथलः होली पर्व पर अलग अलग हादसों में 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

फाग के दिन गांव खुराना के पास सड़क हादसे में शुगर मिल के कर्मी की मौत हो गई। मृतक कर्मी अपने अन्य दोस्त के साथ गांव मलिकपुर से शुगर मिल कैथल में जा रहा था। जैसे ही वह गांव खुराना के पास पहुंचा तो अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। मृतक युवक की पहचान गांव मलिकपुर का फिरोज खान (23) के रूप में हुई है। वह अवविवाहित है। चीका क्षेत्र में फाग के दिन एक सड़क हादसे में 28 साल युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय के रूप में हुई है। अजय किसी काम से चीका से कैथल की तरफ जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए कैथल के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा राजौंद में बाइक की टक्कर से पोल्ट्री फार्म के मैनेजर की मौत हो गई। मामले में फार्म मालिक की शिकायत पर राजौंद थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला जींद के सफीदों की सीता श्याम कॉलोनी निवासी नितिन गोयल ने बताया कि उसका पोल्ट्री फार्म संतोख माजरा रोड राजौंद पर स्थित है। उसके फार्म में यूपी के सिंहपुर महाराजगंज निवासी ओंकार (56) पिछले करीब 10 साल से मैनेजर के पद पर काम कर रहा था। मंगलवार रात ओंकार अपनी बाइक पर सवार होकर राजौंद में एक दुकान से बिल लेने गया था।

### भाई के घर सामान देने गए युवकों पर हमला

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में भाई के घर सामान देने के लिए गए सैनी मोहल्ला निवासी दीपक व उसके दोस्त रोहित पर 15 से 20 लोगों ने तेजधार हथियारों से हथियार से हमला कर दिया। दोनों को काफी चोटें आई हैं। सैनी मोहल्ला निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई शौकिन परिवार के साथ विश्वकर्मा कालोनी में रहता है। बुधवार को सुबह दोस्त ओम नगर निवासी रोहित के साथ भाई शौकिन के घर होली का सामान देने के लिए बाइक पर गए थे। उस समय घर पर भाभी व बच्चे ही थे। भाई दुकान पर गया था। मकान पर पहुंचे उन्हें कुछ ही मिनट हुए थे कि तभी 15 से 20 लोग तेजधार हथियार लेकर वहां आए। जिन्होंने रोहित और उसके ऊपर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। गंभीरावस्था में परिजनों ने उन दोनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है।



**कैथल।** डीसी अपराजिता परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते। *फोटो :हरिभूमि*

### उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों को लिया जायजा

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने वीरवार को गांव प्यौदा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र में निरीक्षण किया। वीरवार को दसवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र में उपस्थिति व अनुपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए कि वे परीक्षा को शांति पूरक व नकल रहित करवाने के लिए पैनी नजर बनाए रखें। परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता ने परीक्षा केंद्र में उपलब्ध करवाई जा रही है, सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों आदि की गहनता से जांच की। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। परीक्षा के संदर्भ में कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत जिला प्रशासन के संज्ञान में लेकर आएं। उन्होंने केंद्र के बाहर तैनात पुलिस बल को भी मुस्तैद रहने और अनावश्यक भीड़ को हटाने के निर्देश दिए।

# बगैर वैध प्रवेश पत्र और सत्यापित फोटो के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगाः राजेंद्र

- 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा नकल रहित संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा वीरवार को नकल रहित रही। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च तक व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड की जांच की जाती है। विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि बिना वैध प्रवेश पत्र और सत्यापित फोटो के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कैलकुलेटर और मोबाइल फोन पूरी तरह वर्जित है। परीक्षाओं के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्बाध संचालन व परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप की रोकथाम के उद्देश्य से धारा 163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध है। जिला प्रश्नपत्र टीम के अधीक्षक राजेंद्र कुमार सिरोहा ने कहा कि सोमवार को 12वीं की परीक्षा नकल रहित रही है। उडऩदस्ता टीम परीक्षा के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण करती रहती है।



**जींद।** परीक्षा देने आए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

## शिशु विभाग में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को दिलाया गया प्रशिक्षण

# अस्पताल में आने वाले अब हर बच्चे की होगी टीबी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अब नागरिक अस्पताल में आने वाले हर बच्चे की टीबी जांच की जाएगी। खासकर कुपोषित बच्चों के मामले में विशेष ध्यान देने के निर्देश स्वास्थ्य निदेशालय की तरफ से जारी किए गए हैं। इसके लिए एनआरसी यानी गैसट्रिक एस्पिरेट के तहत व इंड्यूस्ड स्प्यूटम यानी आईएस प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण जिला स्तर व राज्य स्तर पर दिलाया जाना अनिवार्य है। पोषण पुनर्वास केंद्र यानी एनआरसी के तहत कमजोर आबादी के बीच टीबी की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाने होंगे। बच्चों को पोषित भोजन के लिए आवश्यक सलाह जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में टीबी को खत्म करना है। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक द्वारा जारी आदेशों में कहा गया कि बाल चिकित्सा टीबी पर हाल ही में हुई राज्य निगरानी समिति की बैठक में इस संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि कम आबादी वाली क्षेत्रों में एनआरसी के तहत टीबी की रोकथाम और शीघ्र निदान होना जरूरी है। अस्पताल में आने वाले हर कुपोषित बच्चे की टीबी जांच जरूरी होगी। जो भी बच्चे कुपोषित होंगे, उनको संभावित टीबी का मरीज माना जाएगा। इसके लिए सभी कुपोषित बच्चों के लक्षण और संकेतों के आधार पर टीबी के अलावा अन्य जांच भी जरूर होनी चाहिएं। इसके लिए बच्चों के सैंपल गैसट्रिक एस्पिरेट यानी जीए के माध्यम से एकत्र करने होंगे और टीबी उन्मूलन के लिए जांच की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने कहा कि जीए और आईएस प्रक्रिया के लिए सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण किया जाना जरूरी है। यह प्रशिक्षण पहले जिला स्तर पर और बाद में राज्य स्तर हो होना जरूरी है। बच्चों में टीबी उन्मूलन के लिए बाल स्वास्थ्य हितधारकों और एनटीईपी के बीच अंतरविभागीय समन्वय जरूरी है। हर कर्मचारी को इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि वह बच्चे को देखते ही यह बता सके कि यह कुपोषित है या नहीं। इसके बाद तुरंत उसकी जांच की जाए।



### कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखा जा रहा

नागरिक अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. रघुवीर पूनिया ने कहा कि कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इन सभी बच्चों की टीबी जांच की जा रही है। जो कर्मचारी बाल रोग विभाग में कार्यरत हैं, उनको आपसी समन्वय रखने के खास निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को लेकर अभिभावकों की विशेष काउंसलिंग की जाती है ताकि बच्चों को दिया जाने वाला भोजन संतुलित हो।एनआरसी के तहत सभी कर्मचारियों को जीए और आईएस प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# गैर इरादन हत्या के जुर्म में दो को सात-सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दो भाइयों को सात-सात साल का कारावास तथा 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव दरोलीखेड़ा निवासी हितेश ने 16 अगस्त 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई नरेश का गांव के ही विशाल तथा मोहित से कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों भाइयों ने नरेश पर हमला कर दिया। जिसमें नरेश को गंभीर चोटें आई। घायल नरेश को पहले उचाना सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालात देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान नरेश की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने हितेश की शिकायत पर विशाल तथा मोहित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। वीरवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने मोहित तथा विशाल को गैर इरादतन हत्या के जुर्म में सात -सात साल का कारावास तथा 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।






# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!


एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया


एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?







उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क हृदय जांच शिविर सात को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि सात मार्च को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय चेकअप एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। हॉस्पिटल की टीम ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी व अन्य लैब टेस्ट, चेस्ट इन्फैक्शन, न्यूरोलॉजी की सुविधा व मेडिकल परामर्श प्रदान करेगी।

### बड़ा बल है मन की सच्ची श्रद्धा में: अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने गायत्री यज्ञ के बाद कहा कि बचपन में लुकमान हकीम गुलाम था। वह उसके मालिक के बताए सभी काम बड़ी श्रद्धा और कुशलता से करता था। उसका मालिक भी उसे रोजाना खाने के लिए अच्छा भोजन देता था। पहनने के लिए अच्छे कपड़े देता था। एक दिन उसके मालिक के हाथ एक कड़वी ककड़ी लगी। उसके मालिक ने मजाक में उसे खाने के लिए लुकमान को दे दिया।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों से बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों दोपहर में गर्मी और सुबह व शाम ठंड का असर देखा जा रहा है, जिससे लोग अक्सर लापरवाही बरत लेते हैं और बीमार पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है।

### जुलाना एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**जींद।** जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के नागरिकों की जन समस्याएं सुनीं। शिविर में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे। एसडीएम होशियार सिंह ने एक-एक कर सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर काल करें

**जींद।** एसपी कुलदीप सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव है। इसलिए जागरूक बनें और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में जहां सुविधाएं हमारी उंगलियों पर हैं, वहीं साइबर अपराधी भी नए-नए तरीके अपना कर आमजन को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

### समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान लोगों की शिकायतें व समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं रख सकते है। इसके अलावा निर्देश देते कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिकायत व समस्या लेकर शिविर में पहुंचता है तो अच्छा व्यवहार व समस्याएं सुनकर समाधान करवाएं।

### राज्यपाल से मिली माजरा खाप पंचायत

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने राज्यपाल से मुलाकात कर चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के वीसी को बर्खास्त करने की मांग की। इससे पहले माजरा खाप प्रधान गुरविंद्र सिंह के आवास पर मीटिंग की गई। इसमें प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में हिंदू संस्कृति की सरेआम धज्जियां उड़ाई गई और लड़के और लड़कियों के बीच होली खिलवाई गई।

### वैलफेयर सोसाईटी ने मरीजों को बांटा राशन

**कैथल।** डॉ. बीआर अंबेड़कर वैलफेयर सोसाईटी द्वारा जिला नागरिक अस्पताल कैथल में रोजाना लगभग तीन साल से सभी दाखिल मरीजों को सुबह 09:30 से 10:45 तक दूध-खिचड़ी, खीर, ब्रेड फ्री दिया जा रहा हैं।

## जींद में धूमधाम से मनाया धुलेंड़ी का पर्व

# पूरे दिन भाभियों ने खूब बरसाए देवरों पर कोरड़े

### दिनभर एक-दूसरे पर रंग-गुलाल-अबीर डाल मस्ती में डूबे रहे

**डीजे की थाप पर जमकर थिरके युवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गुलाल के बहाने प्यार को बढ़ावा देने वाला तथा अधर्म पर धर्म की जीत का धुलेंड़ी पर्व बुधवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। फॉग पर्व पर मारपीट की घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो त्योहार शांतिपूर्ण रहा। इमरजेंसी को लेकर नागरिक अस्पताल में चिकित्सक तैनात रहे। वहीं पुलिस के 600 जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। त्योहार शांतिपूर्वक तरीके से मने, इसके लिए पुलिस पीसीआर शहर के साथ-साथ क्षेत्रभर में गश्त करती नजर आई। बावजूद इसके दिनभर लोग एक दूसरे पर रंग-गुलाल-अबीर डाल कर मस्ती में डूबे रहे। भाभियों ने भी देवरों पर जमकर कोरड़े बरसाए। वहीं, देवरों ने भाभियों पर जम कर पानी तथा गुलाल उड़ेला। बुधवार को धुलेंड़ी के समय जगह-जगह देवर भाभियों के बीच कोरड़े बरसने के नजारे देखने को मिले। जहां कोरड़ों के डर से देवर छिपते घूम रहे थे तो भाभियां उन्हें तलाश रही थी। वहीं, लोग टोलियां बना कर एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल डाल कर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे मौसम सुहावना होता गया। जिसका लोगों ने जमकर आनंद उठाया। युवकों की टोलियां एक स्थान से दूसरे स्थान घूम-घूम कर फाग खेलती रही यह क्रम दोपहर तक जारी रहा। अर्बन एस्टेट, पटियाला चौंक, गांधी नगर में सुबह से ही लोगों ने होम थिएटर लगा दिए थे। जिन पर लोग फिल्मी धुनों पर थिरक कर इस त्यौहार का मजा लेते देखे गए। कुछ लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की।



**जींद।** होली खेलते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### प्रेम और सौहार्द का दिया संदेश

**राजौंद।** क्षेत्र में रंगों का पावन पर्व होली हर्षोल्लास और भाईचारे के माहौल में धूमधाम से मनाया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। नगर और आसपास के गांवों में लोगों ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य किया। घर-घर में पकवान बनाए गए और लोगों ने आपसी मेल-मिलाप के साथ होली का आनंद लिया। बाजारों और गलियों में रंग-बिरंगे गुलाल से पूरा माहौल रंगीन नजर आया।

शहरी इलाके में यह पर्व जहां हर्षोल्लास के साथ मना, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व कालोगों ने जम कर लुत्फ उठाया। शहरों में जहां लोग एक दूसरे को रंग तथा गुलाल लगा रहे थे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गुलाल का कम प्रयोग गली के कीचड़ का प्रयोग ज्यादा हो रहा था। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि यह पर्व प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है। बताते हैं कि इस दिन से एक दिन पहले यानी होली के दिन भगवान विष्णु ने धरती पर आकर जनता के ऊपर अपराध करने वाले तथा अपने आप को भगवान बताने वाले दुष्ट राजा हिरण्याकश्यप को मौत के हवाले किया था। शहरभर में जगह-जगह सुबह से ही लोगों ने बड़े स्पीकर लगा दिए थे। जिन पर सारा दिन लोग फिल्मी धुनों पर थिरक कर इस त्यौहार का मजा लेते देखे गए। कुछ लोगों ने मंदिरों में जाकर शिव भगवान की पूजा-अर्चना की। त्योहार को देखते हुए ग्रामीण महिलाओं ने सुबह ही अपना काम निपटा लिया था और फिर होली खेली।

# मोतीलाल स्कूल में मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रंगों का त्योहार होली प्रेम, भाईचारे और उल्लास का प्रतीक है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की सैपलिंग शाखा में होली का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगों की छटा बिखेरते हुए विद्यालय परिसर को खुशियों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन गतिविधि अधिकारी पूजा पसरीजा की देखरेख में विशेष रूप से छोटे बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने के उद्देश्य से किया गया था। विद्यालय परिसर को रंग बिरंगे गुब्बारों, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। चारों ओर रंगों की बहार और बच्चों की खिलखिलाहट से वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। जिसके पश्चात शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में सरल और रोचक शब्दों में बताया। उन्हें समझाया गया कि होली केवल रंगों का त्योहार नही बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक भी है।



**जींद।** मोतीलाल स्कूल में होली पर्व खेलते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



दुलहंडी के पर्व पर महिला विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को कोरड़ा मारते हुए।

### हर्षोल्लास से मनाया दुलहंडी का पर्व

**उचाना।** धुलेंड़ी (फाग) का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर रंगों के पर्व की बधाई दी। अलग-अलग बाजारों, गलियों, मोहल्लों में डीजे लगा कर युवा पूरे दिन झूमते नजर आए। किसी तरह की हुडदंग बाजी त्योहर पर न हो इसको लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना था। निरंतर पुलिस पीसीआर, राइडर गश्त कर रहे थे। अधिकांश बाजार पर्व के चलते बंद थे। लोग समय व्यतीत करने के लिए ताश, क्रिकेट खेलते भी नजर आए। दुलहंडी के पर्व को देवर-भाभी का पर्व माना जाता है। इस दिन कोरड़े की मार भाभी देवरों पर करती है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के आवास पर भी कार्यकर्ताओं के साथ होली का पर्व मनाया गया। यहां पर विधायक एवं उनके साथियों पर जमकर कोरड़ों की मार पड़ी।

### नौ मार्च को किसानों का दिल्ली कूच : रतन मान


**जींद।** शिव कॉलोनी में किसान भवन में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई। अध्यक्षता ओमप्रकाश लोहान राजपुरा भैण ने की। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने शिरकत की। रत्नमान ने कहा कि नौ मार्च को दिल्ली में राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा की रैली में किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेंगे। वहीं 26 जनवरी को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में बलिदान किसान के परिवार को उचित मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो भाकियू आंदोलन करने पर मजबूर होगी। वहीं रबी की फसलों की खरीद समय पर शुरू करवाएं और मंडियों में किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। कहा कि 10 को डीसी से मुलाकात कर बलिदान किसान के परिवार के लिए आर्थिक मदद व नौकरी देने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

### 1000 लड़कियों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य

**जींद।** माय युवा भारत द्वारा आगामी आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया के तहत चलाई जा रही अस्मिता लीग के तहत लड़कियों के लिए अर्जुन स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। माय युवा भारत जींद के जिला युवा अधिकारी हरप्रीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ आयोजित की जाएंगी। इस प्रतियोगिता में अंडर 13, 18 और 18 से ज्यादा उम्र की लड़कियां प्रतिभागिता कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू किया जा चुका है। विभाग द्वारा लगभग 1000 लड़कियों के रजिस्ट्रेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में विजेता लड़कियों को मैडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।




प्रतियोगिता को लेकर जानकारी देते जिला युवा अधिकारी हरप्रीत सिंह।



सीटीएम गुरविंद्र सिंह समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते।

### समस्याओं का तय समय में हल करने के निर्देश

**कैथल।** लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने एक-एक करके सभी आमजन की समस्याओं को विस्तार से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान करना है।

### हिंदू कन्या कालेज की हैंडबॉल टीम ने जीता सिल्वर

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की हैंडबॉल टीम ने इंटर कॉलेज हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते सिल्वर मेडल जीता और 10 खिलाड़ियों का चयन नॉर्थ जोन टीम कैंप के लिए हुआ। जो कालेज के लिए गर्व की बात है। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षिकाओं और खेल प्रभारी डा. मीना ने भी टीम की सराहना करते कहा कि इन खिलाडिय़ों ने अथक परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास के साथ यह सपॅलता हासिल की है। विशेष रूप से खेल इंचार्ज नीलम ने भी अपनी पूरी मेहनत और मार्गदर्शन से टीम को आगे बढ़ाया। महाविद्यालय हमेशा खेलों में छात्राओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं, स्टाफ और छात्राओं ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।



**जींद।** प्रतियोगिता में सिल्वर पदक विजेता टीम।



**जींद।** नितिन को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्र नितिन ने इस सत्र की सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के वाणिज्य विभाग का नाम रोशन किया। वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र नितिन सिंगला ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय से सीए की कठिन परीक्षा को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण किया है। उनकी इस सफलता में विशेष बात यह रही कि उन्होंने दोनों ग्रुप एक साथ देकर सीए की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की तथा यही उपलब्धि उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रमाण है। प्रधानाचार्य अजय कौशिक सहित पूरे विद्यालय परिवार द्वारा सफलता पर खुशी व्यक्त करते छात्र अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। नितिन सिंगला की यह उपलब्धि वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का केंद्र है जिससे सिद्ध होता है कि आत्मविश्वास व निरंतर परिश्रम से जीवन का कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



**जींद।** शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित शिकायतों की समीक्षा की

**जींद।** लघु सचिवालय में वीरवार को समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने लंबित एवं रीओपन हुई शिकायतों की समीक्षा की। विशेष रूप से बिजली विभाग से संबंधित लंबित एवं पुनः खोली गई शिकायतों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करते उनकी एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए। इसके साथ ही अन्य सभी विभागों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि शुक्रवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ बैठक में भाग लें।

# जींद : हरियाणा का बजट किसान मजदूर और गरीब हितैषी : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2026-27 हरियाणा प्रदेश का बजट जो पेश किया है, वह किसान मजदूर व गरीब हितैषी है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। इसमें किसानों को विशेष सुविधा देने का काम किया गया है। इसमें महिलाओं को भी टैक्स में भारी छूट दी गई है। इस बजट में प्राकृतिक खेती व बागवानी का तथा पशुपालन का विशेष ध्यान रखा गया है। युवाओं के लिए यह बजट नए रोजगार के अवसर पैदा करने का काम करेगा। यह बजट हरियाणा के लोगों का बजट है। इस बजट में अग्निवीरों को पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया गया है। किसानों के लिए इस बजट में नए बिजली निगम बनाने का भी प्रावधान रखा गया है। इस बजट में विशेष महिलाएं, युवाओं खिलाड़ी, किसान, इंडस्ट्रीज स्वास्थ्य और शिक्षा पर पूरा ध्यान दिया गया है।

#### कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल परेशान



प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान मजदूर व गरीब आदमी के हितों में 24 घंटे लोगों के बीच में रह कर उनके विकास के लिए कार्य कर रहे हैं व साथ के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इस प्रकार प्रदेश में मुख्यमंत्री की बढ़ती हुई लोकप्रियता से कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल परेशान नजर आ रहे हैं। सभी विपक्षी दल झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं लेकिन जनता इनके बहकावे में आने वाले नहीं है प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी लोगों के हितों का विशेष ध्यान रख रही है। आने वाले पंजाब के चुनाव व पश्चिम बंगाल के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनेगी।



**राजौंद।** होली मिलन उत्सव पर गुरुद्वारा धनताम साहिब की कमेटी द्वारा ढुल सरदारी को पगड़ी पहना कर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया

**राजौंद।** होली मिलन उत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा धनताम साहिब कमेटी द्वारा ढुल सरदारी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यह सम्मान समाज में उनके योगदान, सेवा भावना और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करने में ढुल सरदारी का विशेष योगदान रहा है। हमेशा सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया है तथा समाज को एकजुट रखने का कार्य किया है।होली मिलन उत्सव के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं और प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण के बीच आपसी मेल-मिलाप और सद्भावना का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

## जिला स्तरीय विद्यालय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# खानपुर के राजकीय स्कूल ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

खंड सीवन के गांव खानपुर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय ने मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 390 अंक प्राप्त कर माध्यमिक विद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों, अभिभावकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है। विद्यालय को यह सम्मान परिसर की स्वच्छता, हरित वातावरण, आकर्षक दीवार लेखन, सुव्यवस्थित कक्षाओं, कंप्यूटरीकृत शिक्षा व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर प्राप्त हुआ है। विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायक बनाने के लिए स्टाफ और विद्यार्थियों ने मिलकर निरंतर प्रयास किए, जिसका परिणाम अब जिला स्तर पर प्रथम स्थान के रूप में सामने आया है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के डीडीओ हरपाल सिंह के कुशल नेतृत्व और स्कूल संचालिका रेखा देवी के समर्पित प्रयासों को दिया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय को एक आदर्श और आकर्षक परिसर में परिवर्तित किया है। परिणाम घोषित होने के बाद गांव की सरपंच अमनदीप कौर, सरपंच प्रतिनिधि तथा भाजपा जिला कार्यालय के सह-प्रभारी सोनू सैनी, विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान प्रीति सहित ग्राम पंचायत के सदस्य और ग्रामीण स्कूल पहुंचे और अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।



**सीवन।** गांव खानपुर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दृश्य।

#### मिलकर काम करेंगे: सरपंच

सरपंच अमनदीप कौर ने कहा कि विद्यालय का स्वच्छ और सुंदर वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राम पंचायत की ओर से विद्यालय के विकास कार्यों में भविष्य में भी पूरा सहयोग दिया जाएगा। गांव खानपुर का विद्यालय जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बना है। जब विद्यालय परिवार, पंचायत और ग्रामीण मिलकर काम करते हैं तो ऐसे सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यह विद्यालय शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में इसी तरह नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# तुड़ी संग्रह अभियान चलाया जाएगा

**सीवन।** क्षेत्र में गोवंश की सेवा और उनके पालन-पोषण को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से गोशाला सेवा समिति सीवन की बैठक आयोजित की । अध्यक्षता समिति के प्रधान नरेंद्र सैनी तथा प्रमुख सदस्य जितेंद्र रतन ने की। बैठक में आगामी दिनों में गेहूं की तुड़ी की व्यवस्था और उसके भंडारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में गौशालाओं में सूखे चारे की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है। इसलिए अभी से पर्याप्त मात्रा में तुड़ी एकत्रित करना जरूरी है, ताकि भविष्य में गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए समिति द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों और समाजसेवियों से सहयोग लेने का निर्णय लिया। पत्रकारों से बातचीत करते प्रधान नरेंद्र सैनी ने बताया कि



समिति के सदस्य जल्द ही विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से संपर्क करेंगे।

**सूचना**

मैं, विकास कुमार पुत्र स्व. सतबीर सिंह यह बयान करता हूं कि मेरे पिता का गन लाइसैंस नं. 421/DM/RAJOURI/2025 गुम हो गया है। मैं यह सभी अधिकारियों के संज्ञान में डालना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### छोटू राम चौक से रवाना होगी सद्भाव यात्रा : सुरेंद्र

**कैथल।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह निकाली जा रही सद्भाव यात्रा 6 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कैथल के दिन बंधु सर छोटूराम चौक करनाल रोड कैथल से रवाना होगी। जानकारी देते हुए सद्भाव यात्रा के जिला संयोजक सुरेंद्र ढुल ने बताया कि यात्रा में भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला व पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह एवं कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला, जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर तथा विभिन्न संस्था के प्रति निधि सद्भाव यात्रा हिस्सा बनेंगे।



### एसडीएम ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में वीरवार को कलायत में राजस्व कार्यों की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार, कानूनगो और क्षेत्र के सभी पटवारियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी पारदर्शिता, समयपालन और जनहित को अपनी कार्यशैली में प्राथमिकता दे। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व से संबंधित सभी लंबित मामलों को शीघ्र निपटाया जाए। प्रशासनिक कार्यों को आधुनिक बनाने में एसडीएम ने डिजिटल गिरदावरी और एग्री स्टैक कार्यों की प्रगति पर बल दिया गया। पटवारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित आवेदनों का तत्काल निपटान सुनिश्चित करें।

### जल्द पूरा होगा पाई में कबड्डी अकादमी का निर्माण

**पूंडरी।** गांव पाई में बन रही अकादमी की क्षेत्रवासियों को जल्द सौगात मिलने वाली है। विधायक सतपाल जांबा द्वारा विधानसभा में उठाए गए मुद्दे को लेकर जानकारी देते हुए खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव पाई में कबड्डी अकादमी भवन का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। खेल विभाग ने लोक निर्माण विभाग को 7 करोड़ 14 लाख रुपये भवन निर्माण के लिए जारी किए थे। इस कार्य के अंतर्गत सिविल व बिजली कार्य की लागत वृद्धि को लेकर फाईल स्वीकृति के लिए सरकार को भेजी हुई है।

### महिला जन सुनवाई कार्यक्रम 10 को : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग प्रदेश की महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक बड़ी पहल करने जा रहा है। आयोग द्वारा आगामी 10 मार्च से 13 मार्च 2026 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला स्तरीय महिला जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में कैथल में 10 मार्च को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोगों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। जन सुनवाई की अध्यक्षता हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन करेंगी। कार्यक्रम के दौरान पुरानी और लंबित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

---

### विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने शिक्षा अधिकारियों को जारी किया पत्र

# चिराग स्कीम के तहत छठी से 12वीं कक्षा के दाखिले का शेड्यूल जारी

*10 मार्च से प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालय नोटिस बोर्ड पर सभी रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित करेंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चिराग स्कीम के तहत मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी हुआ है। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों के नाम पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार विद्यालयों की कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट, पोर्टल पर दर्शाया जाएगा व संबंधित विद्यालय 10 मार्च से नोटिस बोर्ड पर खाली सीटों की जानकारी प्रदर्शित करेगा। अभिभावक व छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 13 मार्च से 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो उस स्थिति में दाखिले के लिए लाटरी के माध्यम से एक अप्रैल से पांच अप्रैल की अवधि में ड्रा निकाले जाएंगे।

**छात्र प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय 13 से 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं**




**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। *फोटो: हरिभूमि*

#### दाखिले को लेकर शेडयूल जारी: महेंद्र सिंह

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि चिराग योजना के तहत विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी हुआ है। पहले निजी स्कूलों को विभाग की साइट पर खाली सीटों की जानकारी देनी होगी। इसके बाद मार्च माह में अभिभावक व विद्यार्थी पोर्टल पर निजी स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

संबंधित अभिभावकों को लाटरी ड्रा निकालने की तिथि व समय बारे सूचित करेंगे और उनकी उपस्थिति में ड्रा निकाला जाएगा। निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी करेंगे व सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शाएंगे। लाटरी ड्रा के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला नहीं लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे।

इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक दर्ज कराना आवश्यक होगा। सफल छात्र का पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट लिया जाना अनिवार्य होगा। दाखिले के लिए बच्चे की परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है। जिसमें परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपये व उससे कम होनी चाहिए। फीस प्रतिपूर्ति राशि के लिए यही मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पात्र होगें। जिन द्वारा फार्म छह में अपने विद्यालय की फीस राशि चालू सत्र के लिए पोर्टल पर दर्शायी गई होगी। दाखिल होने वाले छात्रों का डाटा एमआइएस के तहत अपडेट किया जाएगा व दाखिल होने वाले छात्रों की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर-अंदर भेजनी होगी।

#### संबंधित विद्यालयों में विभागीय नामिनी नियुक्त करेंगे

दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय नामिनी नियुक्त करेंगे। इसके लिए यह विद्यालय के नजदीक के खंड शिक्षा अधिकारी या सरकारी विद्यालय के किसी प्राचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकता है। प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय आठ लाख रुपये (मानव संसाधन विभाग चंडीगढ़ के वर्तमान जारी पत्र क्रमांक अनुसार) व उससे कम होगी। उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा और वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी। इस स्कीम के तहत केवल वे छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त या उत्तीर्ण की होगी। छात्र दाखिले के लिए केवल उसके वर्तमान खंड जिसमें वे पढ़ रहे हैं। उसी खंड के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होगें। वे खंड में एक से अधिक विद्यालयों में भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय को अभिभावक या छात्र द्वारा आवेदन पत्र दिया जाएगा वे विद्यालय अभिभावक व छात्र को रसीद अवश्य देगा।

---




**कलायत।** शहर के बाजारों में सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाते नगर पालिका कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नपा अधिकारियों ने शुरू की तैयारियां

- सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिका अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को नगर पालिका की टीम ने सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा की अगुवाई में बाजार क्षेत्र में निरीक्षण कर 26 दुकानदारों को कचरा फैलाने पर नोटिस जारी किए। सुपरवाइजर ने बताया कि नगर पालिका सचिव के निर्देश पर स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत दुकानदारों और आम नागरिकों से कचरा सडक़ों या नालियों में फेंकने की बजाए निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद भी कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर कचरा डालने की शिकायतें मिल रही थी। निरीक्षण के दौरान पालिका कर्मचारियों ने बाजार की कई दुकानों के बाहर कचरे के ढेर पाए। इस पर संबंधित दुकानदारों को मौके पर ही चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए गए। भविष्य में दोबारा ऐसा करने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई।

#### सफाई रखें

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर पालिका ने दुकानदारों से कहा है कि वे अपनी दुकानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और कूड़ा नगर पालिका की कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ी में डाले। साथ ही नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है। पालिका प्रशासन का ध्येय स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए पूरे शहर को साफ-सुथरा बनाना है। इसके लिए जागरूकता के साथ-साथ नियमों का पालन भी आवश्यक है। यदि कोई भी व्यक्ति या दुकानदार सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

## ज्योति ने जीता सर्वोत्तम माता पुरस्कार

- प्रतियोगिता में मातृ व शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से कलायत में सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभाग की सुपरवाइजर मंजू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में दूध पिलाने वाली माताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान गर्भधारण से लेकर बच्चे के जन्म और उसके बाद की देखभाल से संबंधित विषयों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की गई।




**कलायत।** सर्वोत्तम माता पुरस्कार के लिए लिखित परीक्षा देती महिलाएं।

#### महिलाओं को किया जागरूक

विजेता माताओं को विभाग की तरफ से सम्मानित किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में मौजूद अन्य महिलाओं को भी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर भी उपस्थित रही। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सही खानपान, नियमित जांच और बच्चों के बेहतर पालन-पोषण के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए प्रेरित किया गया।

---

## आज निशान यात्रा, कल होगा श्याम महोत्सव

- 7 मार्च को पुंडरी अनाज मंडी में होगी विशाल भजन संध्या एवं कीर्तन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम फाल्गुन विशाल महोत्सव को लेकर पूंडरी शहर में इन दिनों भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शहर में जगह-जगह इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के प्रधान प्रवीण गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत 6 मार्च को सांय 3:15 बजे श्री श्रृंगार मंदिर एवं श्री खाटू श्याम मंदिर, फतेहपुर से भव्य ध्वजा (निशान) यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के मुख्य बाजार से होते हुए भक्ति और जयकारों के बीच पुरानी अनाज मंडी पूंडरी स्थित संकीर्तन स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को सांय 6:15 बजे से प्रभु इच्छा तक पुरानी अनाज मंडी में विशाल भजन संध्या एवं कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। देश के प्रसिद्ध भजन गायक बाबा श्याम के भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।



**पूंडरी।** जानकारी देते हुए श्री श्याम परिवार ट्रस्ट प्रधान प्रवीण गर्ग बाता व अन्य।

#### बड़ी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के निमंत्रण के लिए सतीश जांबा और रविंद्र गर्ग हाबड़ी के साथ श्री खाटू श्याम धाम पहुंचकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई गई और कार्यक्रम की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल व अन्य व्यवस्थाओं के लिए विशेष प्रबंध किए है।

---

## विश्व महिला दिवस पर गांव रोहेड़ा में होगी खेल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को अस्मिता लीग के अंतर्गत महिला खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजीव गांधी खेल स्टेडियम रोहेड़ा में प्रातः 9 बजे से शुरू होगा। यह आयोजन मेरा युवा भारत (माई भारत) कैथल, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा जिला खेल विभाग कैथल के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

**100- 200 मीटर व नींबू-चम्मच दौड़ का होगा आयोजन**




**राजौंद।** कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए।

प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के अंतर्गत अस्मिता वूमन एथलेटिक्स इवेंट में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़। इसके अलावा महिला प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक खेल गतिविधियां जैसे रस्साकशी और नींबू-चम्मच दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा।

---

## बच्चों को त्योहारों से जोड़ना जरूरी: सपना

- त्योहारों से समाज में फैलता है प्रेम, सद्भाव व एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं और इनके माध्यम से समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी एकता का संदेश फैलता है। बच्चों को भी इन पर्वों की परंपरा और महत्व से परिचित कराना बेहद आवश्यक है, ताकि उनमें सामाजिक मूल्यों और संस्कारों का विकास हो सके। यह विचार सुपरवाइजर सपना ने गांव खरकां स्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानो देवी के केंद्र में आयोजित होली कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि होली का पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का अवसर देता है।



**सीवन।** गांव खरकां में आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों व कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल खेलती सुपरवाइजर सपना। *फोटो: हरिभूमि*

#### बच्चों को रंगों के महत्व पर दी जानकारी

उन्होंने बच्चों को विभिन्न रंगों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें सामाजिक वातावरण को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों, महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और त्योहार का आनंद उठाया।

---



## आदर्श स्कूल में हुई पंजाबी एवं संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, छात्रों ने निभाई सक्रिय भूमिका

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पंजाबी एवं संस्कृत विषय की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई ज्ञान को बढ़ावा देना, आत्मविश्वास विकसित करना तथा उनकी बौद्धिक क्षमता को निखारना था। पंजाबी विषय की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन लवप्रीत द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरे जोश और लगन के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। प्रतियोगिता में श्लोक, व्याकरण तथा सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रधानाचार्य ओपी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

---

### 7 और 8 मार्च को कलायत मंडल के कार्यकर्ताओं की होगी प्रशिक्षण कार्यशाला

# भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को तराशने के लिए बनाई कड़ी कार्ययोजना

*प्रदेश व जिला स्तर के भाजपा नेता मंडल के 170 कार्यकर्ताओं को देंगे प्रशिक्षण*

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

भाजपा ने प्रदेश संगठन की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को तराशने के लिए ठोस कार्ययोजना तय की है। इसके लिए मंडल स्तर पर शिविरों का सिलसिला जारी है। इसके जरिये जिला व प्रदेश नेता बूथ से मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। इसी कड़ी में 7 व 8 मार्च को कलायत मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा। इसके लिए 170 कार्यकर्ताओं को प्रतिभागी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। शिविर की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत करेंगे। संयोजक की कमान जिला सचिव अजय प्रताप राणा को सौंपी गई है। पर्यवेक्षक अमनदीप सिंह व प्रभारी जंगीर सिसला संभालेंगे।



**कलायत।** मार्किट कमेटी कार्यालय में मंडल पर्यवेक्षक अमनदीप सिंह असंध का स्वागत करते मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत व अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता।

#### ये रहे मौजूद

पर्यवेक्षक अमनदीप सिंह असंध शिविर पर सीसीटीवी की तरह नजर रखेंगे। उनके द्वारा पल-पल की रिपोर्ट ऊपर स्तर पर दी जाएगी। बूथ से लेकर मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित एवं प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित होने वाले दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर को संगठनात्मक रूप से पूरी तरह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलायत नगर पालिका कार्यालय भवन के प्रथम तल पर आयोजित होने वाली शिविर को सफल बनाने के लिए पार्टी की तरफ सेव्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसमें संगठनात्मक कार्यशैली, चुनावी रणनीति और जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर पर्यवेक्षक अमनदीप सिंह ने मार्किट कमेटी कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मंत्रणा की। इसमें मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, शिविर संयोजक अजय प्रताप राणा, सचिन शर्मा, वीरेंद्र राणा, नीटू राणा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## कर्मवीर के समर्थकों ने जताई खुशी

- कांग्रेस की ओर से राज्यसभा प्रत्याशी है कर्मवीर बौद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा का टिकट दिए जाने पर जुलाना कस्बे में खुशी की लहर है। कस्बे के वार्ड नंबर तीन में लोगों और समर्थकों ने एकत्र होकर जश्न मनाया तथा एक-दूसरे को लड्डू खिला कर अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर लोगों ने कहा कि कर्मवीर बौद्ध का राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया जाना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। क्योंकि उनकी ससुराल भी जुलाना में है। जिससे यहां के लोगों का उनके साथ विशेष लगाव है। चरणदास मेहंदिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा का टिकट देकर योग्य व्यक्ति को अवसर दिया है। उन्होंने बताया कि कर्मवीर को प्रदेश के कई विधायकों का समर्थन प्राप्त है और उनके साथ 34 विधायक मजबूती से खड़े हैं।



**जुलाना।** लड्डू बांट कर खुशी मनाते लोग। *फोटो: हरिभूमि*

#### जुलाना से हैं पारिवारिक रिश्ता

जुलाना में भी लोगों ने इस अवसर को उत्सव की तरह मनाया। कर्मवीर बौद्ध का जुलाना से पारिवारिक रिश्ता होने के कारण यहां के लोग खुद को उनसे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। लोगों को उम्मीद है कि यदि वह राज्यसभा सांसद बनते हैं तो क्षेत्र की समस्याओं को संसद में प्रमुखता से उठाएंगे और विकास कार्यों को गति दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सुरेंद्र फौजी, चरणदास, फूल कुमार कुमार आदि मौजूद रहे।